कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 1457/शैक्षिक/परीक्षा/2025 दिनांक : मार्च 17, 2025

- कार्यालय ज्ञाप -

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 में अध्ययनरत् बी0टेक0, बी0बी0ए0, बी0एस0-एम0एस0, बी0फार्म0, एम0सी0ए0, एम0टेक0, एम0एस0सी0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्रायें सम सत्र 2024-25 की नियमित परीक्षाओं के आवेदन पत्र दिनांक 18/03/2025 से 30/03/2025 तक विश्वविद्यालय के ERP Portal (https://erp.hbtu.ac.in/slogin.aspx) के माध्यम से ऑनलाइन पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र ERP Portal के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क रु0 1000/- प्रति विषय की दर से जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा मे लेट फाइन के रूप में रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/-) के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी जाएगी। समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म न भरने की स्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं छात्र का होगा।

शैक्षिक सत्र 2024-25 के नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र, परीक्षा के तीन दिन पूर्व ERP Portal के माध्यम से निर्गत किए जायेंगे।

17/03/2025

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना के क्रम में अपने विभागाध्यक्ष के ERP लॉगिन से Subject/Course Master Data को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2- अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि समस्त छात्रावासों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3- परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4- सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5- कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6- वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7- विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान मे लाने का कष्ट करें।
8- सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

Scanned with OKEN Scanner